


नवभारत

भोपाल, शुक्रवार, 23 अगस्त 2024


### एक नजर में

#### नपाकर्मी का मोबाइल हैक, थाने में दर्ज कराई शिकायत

**मुलताई।** नगर के गांधी वार्ड निवासी नगर पालिका कर्मचारी दुर्गेश शेंद्रे का मोबाइल बुधवार रात हैक हो गया. इसकी शिकायत कर्मचारी ने थाने पर की है. कर्मचारी दुर्गेश शेंद्रे बताया, अचानक से मोबाइल हैक हो गया और उसके बाद व्हाट्सएप भी हैक हो गया और व्हाट्सएप अकाउंट से अन्य ग्रुपों में गंदे-गंदे फोटो पोस्ट होने लगी. इसकी जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस थाना पहुंचे. इसकी शिकायत की. दुर्गेश ने इसके लिए लोगों से माफी मांगी है. दुर्गेश ने बताया कि उनके मोबाइल से विभिन्न सार्वजनिक ग्रुपों में अश्लील वीडियो और फोटो सेंड किया जा रहे थे. मैंने इस मामले में पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

#### मंदिर से दानपेटी चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** ताप्ती घाट के मंदिर से दानपेटी चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. खेड़ी सांवलीगढ़ निवासी फरियादी धनराज पाल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि काली माँ दरबार मंदिर में 16 अगस्त की रात को अज्ञात लोगों ने मंदिर का ताला तोड़कर दान पेटी, बैटरी, बल्ब चोरी कर लिया. शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया. पुलिस ने संदेही गुर्जर उर्फ गजानन सरियाम उम्र 35 साल को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया. पूछताछ के दौरान गुर्जर ने अपना जुर्म कबूला और बताया कि उसने मंदिर से चोरी की गई बैटरी गांव के संजू कुंभारे को बेची है. आरोपी के बताये अनुसार चोरी का सामान बरामद किया है. चोरी का सामान खरीदने वाले युवक को भी आरोपी बनाया है. पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय पेश किया.

#### हार्डवेयर व्यापारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**आठनेर।** 22 अगस्त को नगर आठनेर के भगवती नगर निवासी हार्डवेयर व्यापारी विजय पिता गणेश प्रजापति, 28 वर्षीय की घर में फांसी के फंदे पर लटने से मौत हो गई. आठनेर थाना में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक दिनेश धुर्वे, ने मामले में पुष्टि करते हुए कहा है कि 22 अगस्त गुरुवार को सुबह इस मामले में मृतक की माँ, बहन ने पुलिस को सूचना दी थी जिस पर पुलिस ने मृतक के घर पहुँचकर फांसी के फंदे पर लटके मृतक का शव बरामद किया फिलहाल मौत का कारण अज्ञात बताया है. मृतक के शव को आठनेर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भिजवाया गया जहाँ पर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई है. मृतक आठनेर के विश्राम गृह रोड पर हार्डवेयर का व्यापारी था पुलिस ने फिलहाल मर्ग जांच में लिया है.

## मनमाने बिल के खिलाफ फोरम जाएगी नगरपालिका

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 22 अगस्त. नपा की आर्थिक स्थिति गडबडाने में इस समय विद्युत कंपनी को मुख्य रूप से जिम्मेदार ठहराया जा रहा है. हालांकि यह सिलसिला काफी पुराना है, जब बिजली बिलों को लेकर नपा और बिजली कंपनी में जमकर खींचतान चली आ रही है.**




**राशि काटने के बावजूद थमाएं जा रहे मनमाने बिल**

**अधिकारी बिजली कंपनी को ठहरा रहे दोषी**

पिछले दिनों बिजली बिल की राशि जमा न करने पर बिजली कंपनी ने नगरपालिका मद से लाखों रुपए की राशि काट ली गई. इसके बावजूद नपा को जून-जुलाई का मनमाना बिल थमाएं जाने के बाद नपा अब उपभोक्ता फोरम जाने की बात कर रही है. यदि ऐसा हुआ तो दोनों विभागों में ठनना तय माना जा रहा है. दूसरी तरफ बिजली कंपनी ने नपा के सारे आरोपों को बेबुनियाद बताते कहा कि चुंगी क्षतिपूर्ति कर से राशि काटी नहीं गई है. नपा के अधिकारियों को इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करना चाहिए. जानकारी के मुताबिक नगरपालिका और बिजली कंपनी में बिजली बिलों को लेकर लंबे समय से खींचतान जारी है. नगरपालिका अपने विद्युत संयंत्रों समेत शहर के मोटर पंप, स्ट्रीट लाइट और अन्य स्थानों के बिजली बिलों का भुगतान बिजली कंपनी को करते आ रही है, लेकिन कुछ माह से स्थिति यह है कि कंपनी द्वारा बिलों में मनमानी में बढोत्तरी कर देने से आर्थिक संकट में चल रही नपा पर दोहरी मार पड़ रही है.

### चुंगी कर से राशि काटी, फिर भी मनमाना बिल

नगरपालिका ने पिछले दिनों विद्युत कंपनी के दक्षिण संभाग के डीई को पत्र लिखकर चुंगी क्षतिपूर्ति से राशि कटौती करने की जानकारी उपलब्ध कराई है. नपा ने विद्युत विभाग को बताया कि जून 2022 में नपा ने चुंगी क्षतिपूर्ति से कंपनी को 6 करोड 67 लाख, दिसंबर 2022 में 26 लाख 42 हजार, जनवरी 2023 में 25 लाख, फरवरी 2023 में 24 लाख 67 हजार, अप्रैल 2023 में 31 लाख 55 हजार, जुलाई 2023 में 58 लाख 96 हजार, सितंबर 2023 में 1 करोड 8 लाख 57 हजार, दिसंबर 2023 में 33 लाख 36 हजार और जनवरी 2024 में 1 लाख 88 हजार रुपए की राशि काटी गई है. इसके बावजूद मासिक चुंगी कर से राशि काटने के बावजूद विद्युत समायोजन किन देयकों में किया है. इसकी जानकारी विद्युत कंपनी ने नपा को पत्र के बावजूद अवगत नहीं कराई. इससे नपा की चुंगी कर की राशि सीधे प्रादेशिक स्तर से कटने पर नपा की आर्थिक स्थिति डगमगा रही है.

### नपा अध्यक्ष भी नाराज, पीआईसी में उठा मुद्दा

बिजली कंपनी के मनमाने बिल से नपा की गडबडा रही आर्थिक स्थिति से नपा अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर भी नाराज है. सूत्र बताते हैं कि पीआईसी की बैठक में अध्यक्ष बारस्कर को सभी सभापतियों ने विद्युत कंपनी द्वारा थमाए जा रहे मनमाने विद्युत देय को लेकर असंतोष जाहिर किया है. इसके बाद नपा ने विद्युत कंपनी को पत्र लिखकर चुंगी कर से कटौत्रा की राशि जानकारी मांगी है, लेकिन अब तक नपा मिलने के बाद सरचार्ज की राशि जोड़ने से विद्युत बिल अधिक आ रहे हैं. नपा अध्यक्ष की नाराजगी के बाद अब नपा बिजली कंपनी से आर-बपार की लडाई लडने के मूड में दिखाई दे रही है.

> विद्युत कंपनी को हमने चुंगी क्षतिपूर्ति कर से कटौत्रा की गई राशि के संबंध में कई बार जानकारी मांगी, लेकिन उपलब्ध नहीं हुई. नपा अध्यक्ष और सभापति भी अधिक बिजली बिलों को लेकर नाराजगी जता चुके हैं. जल्द निर्णय नहीं होता है तो हम आगे विविधत निर्णय लेंगे.
>
> **ओमपाल सिंह भदौरिया,** सीएमओ बैतूल

> नपा को इस संबंध में गलतफहमी है. जून में जो राशि कटी वह एसटी में चली गई. बाकी राशि समायोजित नहीं हुई है. नपा को अधिकारियों इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करना चाहिए.
>
> **बीएस बघेल,** डीई बिजली कंपनी, दक्षिण संभाग बैतूल

## पाथाखेड़ा में जुआ फड़ पर छापा, 10 जुआरी पकड़े

**सारणी।** बैतूल की पाथाखेडा पुलिस ने बुधवार रात एक जुआ फड पर दबिश देकर 10 जुआरियो को गिरफ्तार किया है. आरोपियों को जमानत दे दी गई है. यहां 13 पुलिसकर्मियों की टीम ने छापा मारा था. जुआरियों से हजारों रुपए की रकम बरामद हुई है. चौकी प्रभारी वंशज श्रीवास्तव ने बताया की रात करीब 11 बजे चौकी मुखबिर की सूचना पर न्यु मार्केट, पाथाखेडा में बंद घर में चल रहे जुआ फड पर योजनाबध्द तरीके से दबिश देकर मौके पर रुपयें पैसों से हारजीत का दाव लगा रहे 10 जुआरियों को पकडा गया. जिनसे मौके पर 22 हजार से ज्यादा की रकम बरामद की गई है. बताया जा रहा है की यहां लंबे समय से जुआं की फड़ चल रही थी. पुलिस की इस कार्रवाही में पाथाखेड़ा चौकी प्रभारी, सारणी थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस कर्मचारियों की भूमिका रही.

## नवनिर्माणाधीन मकान में चोरों ने लगाई सेंध, ले उड़े सामान

**बैतूल। शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है. बढती चोरी की घटनाओं से लोग दहशत में है.**

**ताला तोड़कर सेंट्रिंग और कटर मशीन ले गये**

**पुलिस चोरी की घटना की जांच में जुटी**




बुधवार की रात को गंज थाना क्षेत्र के टेलीफोन कॉलोनी में एक नवनिर्माणाधीन मकान में चोरों ने सेंध लगा दी. यहां से सेंट्रिग सहित कई सामान लेकर चले गए. चोरी की घटना में हजारों रूपए का नुकसान हुआ है. चोरी की शिकायत गंज थाने में दर्ज कराई. शिकायत में भी पुलिस का ढुलमुल रवैया सामने आया है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक टेलीफोन कॉलोनी निवासी गणेश देशमुख का नया मकान का निर्माण हो रहा है. निर्माणाधीन मकान के एक कमरे में सामान रखा था. बुधवार की रात को अज्ञात चोरों ने ताला तोडकर मकान से सेंट्रिंग की प्लेटे, टाईल्स कटर मशीन, हेंगर मशीन, पाईप सहित अन्य सामान चोरी कर लिया. इस चोरी की घटना में लगभग 50 हजार रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है. गंज क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से चोरी की घटनाएं सामने आ रही है. पुलिस बढती चोरी की घटनाओं को लेकर गंभीर नहीं है. इस घटना के पहले भी कई चोरी की वारदातें हो चुकी हैं. इन सभी घटनाओं में पुलिस के हाथ खाली है. अब तक पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई. कुछ महीने पहले गंज व्यवसायिक क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं को लेकर व्यापारियों ने एसपी से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन इसके बावजूद भी ना तो कोई ठोस कार्रवाई हुई और ना ही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग पाया. चोरों को जरा भी पुलिस का भय नहीं है.

## दोपहर में जिला मुख्यालय पर जमकर बरसे बादल

**बैतूल। जिले में बारिश का दौर जारी है. बुधवार दोपहर को जिला मुख्यालय पर कुछ देर तक झमाझम बारिश हुई. अगले 24 घंटे के दौरान फिर बारिश की संभावना जताई है.**

**29 इंच पर पहुंचा बारिश का आंकड़ा**

**दो दिन बाद फिर तेज बारिश की संभावना**



बुधवार सुबह से हल्की धूप खिली थी, लेकिन दोपहर में अचानक मौसम बदल गया. लगभग 15-20 मिनट तक झमाझम बारिश होते रही. इसके बाद फिर मौसम खुल गया और हल्की धूप निकली. भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिले में औसत बारिश का आंकड़ा अब 731.7 मिमी यानी 29 इंच पर पहुंच गया है. इसी तरह बारिश होते रही तो औसत बारिश भी जल्द पूरी हो जाएंगी. आठनेर ब्लॉक को छोडकर सभी ब्लॉकों में औसत बारिश का आधा कोटा पूरा हो चुका है. मौसम विभाग भोपाल ने बुधवार को जारी की गई एडवाइजरी में बताया कि अगले 24 घंटे के दौरान बारिश होने का अलर्ट जारी किया है.

## छेड़छाड़ करने वाले दो नाबालिग सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** 19 वर्षीय युवती के साथ छेडछाड करने वाले दो नाबालिग सहित तीन आरोपियों को बोरदेही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. थाना प्रभारी रवि शाक्य ने बताया कि 19 वर्षीय युवती ने 20 अगस्त को बोरदेही थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई. शिकायत में युवती ने बताया कि वह 19 अगस्त की शाम को शाम 4 बजे के करीब अपनी सहेली के साथ ग्राम फोफल्या बाजार जा रही थी. इसी दौरान रास्ते में सावंगी निवासी राजकुमार उर्फ कोलिया सुहाने और अन्य दो साथी बाइक से आए और उन्होंने रास्ता रोककर छेडछाड़ की. पीडिता ने बताया कि जब आरोपी छेडछाड़ करने लगे तो उसने शोर मचाया. शोर मचाने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी. शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है. बोरदेही पुलिस ने गुरुवार को आरोपी राजकुमार सुहाने निवासी सागवानी सहित अन्य दो नाबालिक आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के पास से पुलिस ने एक मोटरसाइकिल भी जब्त किया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## ड्रीमलैंड सिटी की जांच करने पहुंचे अधिकारी

**मुलताई। अपर कलेक्टर राजीव रंजन श्रीवास्तव गुरुवार को मुलताई पहुंचे. राजस्व विभाग की टीम के साथ नगर पालिका में उन्होंने विभिन्न दस्तावेजों की जांच की है. बताया गया कि ड्रीमलैंड सिटी के मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर यह जांच की जा रही है.**

**शिकातयों के बाद होने लगी जांच**

**अपर कलेक्टर भी मौके पर पहुंचे**

मुलताई में ड्रीमलैंड सिटी में प्लॉट बेचकर विकास कार्य नहीं किए थे. इसको लेकर यहां के रहवासियों ने मामले की शिकायत की है. इसके बाद लगातार जांच की जारी है. गुरुवार को कलेक्टर सहित आरआई एवं राजस्व की टीम ने नगर पालिका पहुंचकर दस्तावेजों की जांच की है. बताया गया कि इस जांच के बाद एक विस्तृत जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी जाएगी. लगभग 15 साल पहले मुलताई में ड्रीमलैंड सिटी में लोगों को विकसित कॉलोनी का सपना दिखाकर महंगे दामों पर प्लॉट बेचे गए थे, लेकिन सिटी में बताए अनुसार न तो विकास किया गया और न ही सुविधाओं का विस्तार किया गया. इसके बाद यहां प्लॉट लेने वाले और मकान बनाने वाले लोग अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं. इसके बाद लगातार इस मामले में शिकायत हो रही है. इसी की जांच करने के लिए अपर कलेक्टर आज मुलताई पहुंचे थे. मुलताई में 85 से ज्यादा अवैध कॉलोनियां हैं. लेकिन किसी भी कॉलोनी में सुविधा नहीं है. लोग सड़क, पानी, बिजली को तरस रहे हैं. हालात यह हैं कि महंगे दामों पर लोगों को प्लॉट बेच दिए गए. लेकिन, अब प्लॉट बेचने वाले किसी भी सुविधा का विस्तार नहीं कर रहे हैं. बारिश में इन कॉलोनियों में कीचड़ फैला है. वहीं जहरीले जीव निकल रहे हैं. लेकिन, प्रशासन ने अवैध कॉलोनी बनाने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की.

## सेवाभाव के रूप में मना जिपं अध्यक्ष राजा का जन्मदिन

**बैतूल।** जिला पंचायत के जुझारू अध्यक्ष और युवाओं में प्रिय राजा पंवार का जन्मदिन गुरुवार को सेवाभाव के रूप में मनाया गया. उनके समर्थकों ने जन्मदिन के अवसर पर सुबह मंदिरों में पूजा-पाठ कर उनके दीर्घायु जीवन की कामना की. बैतूल रोड स्थित राजा के निज निवास पर जन्मदिन की शुरुआत उनके समर्थकों द्वारा सुंदरकांड के शुरुआतज से हुई. 3 घंटे तक चले संगीतमय सुंदरकांड में बडी तादात में श्रोताओं ने धर्म लाभ लिया. इसके बाद उन्होंने केक काटने के पूर्व अपनी माता और ब्राह्मणों से आशीर्वाद लिया, फिर पत्नी और परिजनों के साथ केक काटा. इस दौरान विशाल पंडाल में राजा समर्थकों ने जिन्दाबाद के नारे लगाए. जिपं अध्यक्ष राजा को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए विधायक हेमंत खंडेलवाल, डॉ. योगेश पंडाग्रे, गंगाबाई उइके, जिपं उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे सहित कई जिला पंचायत सदस्य भी पहुंचे थे. दूसरी तरफ ग्रामीण अंचलों से बडी तादात में क्षेत्र के लोकप्रिय नेता राजा को जन्मदिन की बधाई देने के लिए स्वस्फूर्त वाहनों से मुलताई पहुंचे.

## डिस्ट्रिक्ट बेसबॉल एसोसिएशन का हुआ गठन

**बैतूल।** मध्य प्रदेश एम्यूचर बेसबॉल फेडरेशन के निर्देशन में आदिवासी बाहुल्य बैतूल जिले में छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को अमेरीकन खेल बैसबॉल में राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओ मे जिले के खिलाड़ियों को अवसर मिलेगा. जिसके लिए बैतूल डिस्ट्रिक्ट बैसबॉल एशोसियेशन का गठन किया गया. जिसमें अध्यक्ष संरक्षक तपन खण्डेलवाल, अध्यक्ष योगी खण्डेलवाल, उपाध्यक्ष अभिषेक किलेदार, सचिव कैलाश वराठे (खेल प्रशिक्षक), सह सचिव चेतन शिरके, कोषाध्यक्ष आदित्य अहुजा कार्यकारिणी सदस्य को नियुक्त किया गया. एसोसिएशन के अध्यक्ष योगी खंडेलवाल ने बताया की बेसबॉल का डेमो (प्रदर्शन) 25 अगस्त को किया जाएगा. जिसमे

**अमेरिकन गेम में जिले के खिलाड़ियों को मिलेगा अवसर**

**32 छात्राओं ने किया प्रतिनिधित्व**

जिले के समस्त खिलाड़ियों को अवसर प्रदान किया जाएगा. अंडर 12, अंडर 14 अंडर 17, अंडर 9 के खिलाडि़यों का रजिस्ट्रेशन कर प्रशिमको एनआईएस प्रशिक्षकों द्वारा बीडीबीए की ओर से निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में का प्रतिनिधित्व किया जाएगा. बीपीबीए के सचिव कुमाश वरोठ (खेल प्रशिक्षक) मे बताया की बैसबाल में जिले के खिलाडियों के लिए अपार संभावनाएं है. क्योंकि जिलें की आदिवासी (जनजातीय कार्य विभाग की लगभग 32 छात्राओं ने शालेय राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व कर जिले को गौरवांवित किया साथ ही जूनियर वर्ग में सत्र 23-24 मे रजत पदक प्राप्त कर अपनी खेल प्रतिभा को प्रमाणित किया है. दीर्घ अवधि खेम कार्य योजना तैयार कर बैसबॉल लिए् जिले से खिलाडियों का चयन जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिये तैयार किया जाएगा.

## बच्चे के स्कूल बैग से निकला कोबरा सांप

**बैतूल।** समीपस्थ भारत-भारती ग्राम में एक बच्चे के स्कूल बैग में जहरीले कोबरा निकलने से हडकंप मच गया. यह तो शुक्र है कि समय रहते कोबरा देख लिया गया, अन्यथा वह नुकसान पहुंचा सकता था. बताया जाता है कि भारत भारती आवासीय विद्यालय के गौशाला प्रमुख फूलचंद बारस्कर के बच्चे के स्कूल बैग में 5 फीट का कोबरा घुस गया. पहले यह कोबरा दरवाज के पास फन फैलाए बैठा था, फिर कमरे में रखे बच्चे के स्कूल बैग में जा घुसा. बारस्कर ने तत्काल सर्पमित्र विशाल विश्वकर्मा को जानकारी दी. उन्होंने बमुश्किल स्कूल के बैग से कोबरा का रेस्क्यू किया.

## बालक के अपहरण मामले में अब तक सुराग नहीं, सौंपा ज्ञापन

**बैतूल। आमला के सुभाष वार्ड में एक बालक का अपहरण करने का प्रयास किया था. इस घटना में अभी तक पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की. कार्रवाई नहीं होने से नारजा लोगों में आक्रोश है.**

**नाराज सूर्यवंशी ढोलेकर कुंबी समाज ने जताई नाराजगी**

**पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाये सवाल**



गुरुवार को सूर्यवंशी ढोलेवार कुंबी समाज युवा संगठन ने बैतूल पहुंचकर एसपी को ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की मांग की है. सौंपे ज्ञापन में बताया कि फुलचंद नारे के नाबालिक पुत्र की 16 अगस्त को अज्ञात 3 व्यक्तियों द्वारा मारूती ओमनी से अपहरण कर ले जाने का प्रयास कर रहे थे, तभी अज्ञात व्यक्ति को मौके पर देखकर आरोपी फरार हो गए. अपहरण करने के प्रयास के संबंध में आमला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है. सूर्यवंशी ढोलेवार कुंबी युवा संगठन के लोगों का कहना है कि पुलिस कार्रवाई के नाम पर पुलिस नाबालिक को बार-बार थाने बुलाकर परेशान कर रही है. इससे बालक भयभीत है. परिजनों में भय का माहौल है. आमला पुलिस ने अपहरण का प्रयास करने वाले लोगों को अब तक नहीं पकडा है. संगठन के सभी लोगों ने एसपी से गुहार लगाई है कि अपहरण की कोशिश करने वाले अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाए, ताकि इस तरह की घटना दोबारा न हो. अगर पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की तो संगठन को आंदोलन के लिए बाध्य होना पडेगा. इसकी जवाबदारी पुलिस प्रशासन की होगी.

**फसल** — 2 लाख हेक्टेयर में हुई है सोयाबीन की बोवनी

## लगातार बारिश से फसलों को पहुंचा नुकसान, पीली पड़ने लगी सोयाबीन

**बैतूल। जिले में लगातार बारिश से फसलों को भी नुकसान पहुंचा है. जिले के कुछ क्षेत्रों में फसलें खराब होने से किसान परेशान है. इस वर्ष भी किसानों ने अच्छी फसल की उम्मीद लगाई थी, लेकिन अतिवृष्टि ने फसलों को बर्बाद कर दिया है.**

**बारिश के कारण खेतों में जब भराव की स्थिति निर्मित**

**उत्पादन पर भी पड़ सकता है असर**



किसानों का कहना है कि फसल नुकसानी का सर्वे होना चाहिए, ताकि किसानों को मुआवजा मिल सके. जब से सावन मास की शुरुआत हुई, तब से जिले में बारिश की झडी लग गई थी. अभी भी बारिश का दौर जारी है. लगातार बारिश के कारण खेतों में जब भराव की स्थिति निर्मित हो गई है. खेतों से जलभराव के कारण सोयाबीन सहित अन्य फसल पीली पड गई है. सोयाबीन पीली पड़ने से फसल को फूल नहीं आ रहे हैं. किसानों का कहना है कि जल भराव के कारण पौधें की जड़े गल गई है और फसल मुरझाने लग गई है. ऐसी स्थिति में किसानों को भारी नुकसान हुआ है. हालांकि सभी क्षेत्र में नुकसान नहीं हुआ है. कुछ क्षेत्रों में इसका असर देखने को मिल रहा है. जिन किसानों के खेतों में बारिश के पानी की निकासी के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है. उन किसानों की फसलों को ज्यादा नुकसान पहुंचा है. अधिक बारिश भी फसलों के लिए नुकसानदायक साबित हो रही है. सोयाबीन सहित अन्य फसले बारिश से प्रभावित होने के कारण इसका सीधा असर उत्पादन पर भी पड़ सकता है. उत्पादन प्रभावित हुआ तो किसानों को तगड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा.

> जिले के कुछ क्षेत्रों में अधिक बारिश होने से फसले प्रभावित होने की जानकारी मिली है. हालांकि बहुत अधिक फसलों पर विपरीत प्रभाव नहीं है. किसानों को पानी निकासी की सलाह दी जा रही है, ताकि फसलों को बचाया जा सके.
>
> **रामवीर सिंह राजपूत,** एसडीओ, कृषि विभाग बैतूल

### जिले में 2 लाख हेक्टेयर में सोयाबीन की बोवनी

कृषि विभाग के अधिकारियों के मुताबिक इस वर्ष खरीफ फसल में सोयाबीन की लगभग दो लाख हेक्टेयर में बोवनी हुई है. जिले में बडे स्तर पर सोयाबीन की बोवनी की जाती है, लेकिन बारिश किसानों की उम्मीदों पर पानी फेरने पर लगी है. लगातार बारिश से सोयाबीन की फसल के अलावा उडद सहित अन्य फसलों को भी नुकसान होने की जानकारी सामने आ रही है. ज्यादातर नुकसानी उन ब्लॉकों में हुई, जहां पर अधिक बारिश हुई है.

## वृद्धाश्रम में कानूनी साक्षरता एवं स्वास्थ्य शिविर

**बैतूल। अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष प्राणेश कुमार प्राण के निर्देशों के अनुक्रम में 21 अगस्त को मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मातोश्री वृद्धाश्रम उड़दन जामठी में कानूनी साक्षरता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया.**

**6 बुजुर्गो को कृत्रिम उपकरण के लिए किया चिन्हित**

**वृद्धजनों का निशुल्क हुआ स्वास्थ्य परीक्षण**

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जिला चिकित्सालय से डॉ. रोहित पराते (मेडिकल विशेषज्ञ), डॉ. वरुण उपाध्याय (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. स्वीटी सेन (ईएनटी.) एवं डॉ. केदार सिंह (बीएमओ.), डॉ.सुनील लोधी तथा श्रीमती विद्वेश्वरी हजारे (सीएचओ) एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा 19 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. शिविर में सामाजिक न्याय विभाग की टीम द्वारा 6 वृद्धजनों को कृत्रिम उपकरण जैसे वाकर, कान की मशीन, वाकिंग स्टिक के वितरण के लिए चिन्हित किया गया. विशेष न्यायाधीश श्रीमती दिव्यांगना जोशी पांडे द्वारा वृद्धा आश्रम द्वारा वृद्धजनों को प्रदत्त सुविधाएं, कक्ष आदि का निरीक्षण कर अन्य जानकारी ली और वृद्धजनों से चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली. आयोग की सचिव सुश्री डॉ.कु.महजबीन खान द्वारा माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण अधिनियम 2007 के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यदि कोई वृद्ध स्वयं की संपत्ति अथवा अन्य कोई पारिवारिक समस्या के संबंध में कोई भी वृद्धजन भरण पोषण अधिनियम 2007 अंतर्गत संबंधित एसडीएम को आवेदन दे सकता है.

आवश्यकता पड़ने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय अथवा पैरालीगल वालेंटियर द्वारा उन्हें कार्यवाही में सहयोग हेतु आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी. इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी सोमनाथ राय, वृद्धा आश्रम संचालक मनोज विष्ट, सामाजिक न्याय विभाग बैतूल से उपसंचालक सुश्री रोशनी वर्मा तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे.